**अभियान** गांधीग्राम क्षेत्र में व्यापक स्तर पर आयोजित किया गया पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम

# 516 बच्चों को पिलाई गई 'दो बूंद जिंदगी की'



**सिहोरा, नवभारत।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज गांधीग्राम क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के नौनिहालों को पोलिया वायरस से सुरक्षित करने के लिए कुल 7 बूथ बनाए गए थे, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सक्रियता से कार्य करते हुए कुल 516 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।

अभियान के दौरान मुख्य बूथ, बाजार स्थित मानस भवन गांधीग्राम में कुल 155 बच्चों को दवा पिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंडित ज्वाला प्रसाद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान में सहभागिता की और ग्रामीणों को जागरूक किया।

### बूथ वार पिलाई गई दवा के आंकड़े

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बूथ नं. 1: मानस भवन (बाजार) में 155, बूथ नं. 2 बैरियल नाका के पास 48, बूथ नं. 3: बस स्टैंड (सांई मंदिर के पास)40, बूथ नं. 4: खेरमाई मंदिर 82, बूथ नं. 5 आंगनबाड़ी केंद्र (पानी की टंकी)70, बूथ नं. 6 आंगनबाड़ी केंद्र (माल्हा) 62, बूथ नं. 7 आंगनबाड़ी केंद्र (रामपुर) में 59 बच्चों को दवा पिलाई गई।

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण, टीम रही मुस्तैद

अभियान की सफलता और प्रगति का जायजा लेने के लिए बीईई डी.आर. महोबिया ने क्षेत्र का दौरा किया और पल्स पोलियो कार्य की समीक्षा की। इस दौरान सीबीएमओ मैडम और आरिफ खान के मार्गदर्शन में पूरी टीम मुस्तैद रही। इस पुनीत कार्य में एएनएम माया कोल, सीएचओ निशा पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू कोल सहित क्षेत्र की समस्त आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया, जिससे शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली।

## बेलखाडू में सुबह से शाम तक बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा





**बेलखाडू, नवभारत।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में पोलियो की दवा पिलाने जोर शोर से अभियान आज शुरू हुआ। अभियान के दौरान मुख्य खण्ड चिकित्सा डॉ संजय जैन, मेडिकल अधिकारी डॉ पीयूष द्विवेदी, डॉ निशिमा सिद्दकी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए पोलियो बूथों पर सुबह 8 बजे से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के तहत् दो बूद पोलियो दवा पिलाई गई। पल्स, पोलियो अभियान सुपरवाइजर, अजय चौबे ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर कार्यरत स्टॉफ, पर्याप्त मात्रा में दवा एवं प्रचार-प्रसार सामग्री के साथ उपस्थित रहे। इसके साथ ही घर-घर अभियान से संबंधित नंबर दीवाल पर अंकित किए जा रहे हैं।



# मन की बात सुनकर ऐप भी कराया डाउनलोड

**भाजपा नगर मंडल पनागर के प्रभारी सुधीर चौबे के नेतृत्व में हुई बैठक**

**पनागर, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पनागर के प्रभारी सुधीर चौबे के नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देते हुए बूथ स्तर पर महत्वपूर्ण बैठक और कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान वार्ड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना गया।

### बैठक के बाद डिजिटल तकनीक पर जोर

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पनागर प्रभारी सुधीर चौबे ने सर्वप्रथम बूथ क्रमांक 25 और 28 के वार्ड अध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक के पश्चात शिवाजी वार्ड और विनोबाभावे वार्ड में संगठन के निर्देशानुसार तकनीकी सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया गया। इसके तहत दोनों बूथों के अध्यक्षों और उपस्थित कार्यकर्ताओं के मोबाइल में 'संगठन ऐप' और डिजिटल प्रोग्राम को सफलतापूर्वक अपलोड कराया गया, ताकि आगामी संगठनात्मक कार्यों को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा सके।

### वरिष्ठ जन और कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

इस डिजिटल अभियान और 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दोनों बूथों के अध्यक्षों सहित कार्यकर्ता पाली गोटियां, रामकिशोर गोटियां, अनिल वंशकार, सुखराम यादव, भगवान दास गोटियां, मुकेश महोबिया, प्रकाश गोटियां, विकास गोटियां, संदीप कुशवाहा, विष्णु गोटियां, सूरज गोटियां और कमल के साथ महिला कार्यकर्ता मुन्नीबाई, शोभा बाई, सिमरन, गायत्री, राधा और सुमन की उपस्थिति रही। इस आयोजन का उद्देश्य बूथ स्तर पर सरकारी योजनाओं और संगठन की नीतियों को डिजिटल माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंचाना और जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत करना है।



# खिरिया कला स्कूल में किया गया पौधरोपण



**बेलखाडू, नवभारत।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला खिरिया कला में इन्द्र सिंह राजपूत ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधा रोपकर उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में घनश्याम यादव, बृजेश चढ़ार, आदि ठाकुर, गोविन्द बर्मन, अनु पटेल, राज कोल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर लगाये गये पौधे की नियमित देखभाल और उसे सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक इंद्र सिंह राजपूत ने उपस्थितजनों से आव्हान किया कि अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पौधरोपण करना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को हरियाली बढ़ाने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा भी देता है।

## आकाशीय बिजली गिरने से 13 वर्षीय बालक की मौत

**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** मानपुर नगरपरिषद अंतर्गत सिगुड़ी में एक हृदय विदारक हादसा हुआ है। गौरव प्रजापति उम्र 13 वर्ष तेज हवाओं और बारिश के बीच महुआ का फल (गोही) बीनने जंगल की ओर गया था। इसी दौरान मौसम ने अचानक विकराल रूप ले लिया और मूसलाधार बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से गौरव उसकी चपेट में आ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शुक्रवार की शाम 5.30 बजे हुई इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। बताया जाता है कि हादसे की खबर के बाद परिजन बिना देर किए किशोर को मानपुर अस्पताल ले कर पहुंचे, पर दुर्भाग्य से तब तक गौरव की मृत्यु हो गई थी।

# कटंगी में हुआ सेवादल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम

**कार्यक्रम में जिले भर से गणवेश में पहुंचे सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ता**



**नवभारत, कटंगी जबलपुर।** जिला कांग्रेस सेवादल जबलपुर के तत्वावधान में आज कटंगी में मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का बेहद गरिमामय और विशाल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय यादव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी और पूरे जबलपुर जिले व ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में आए कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता और ताकत का परिचय दिया।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और गरिमा को बनाए रखने में कटंगी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण उपाध्यक्ष जयंत जैन द्वारा किया गया। आयोजन के अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नेक नारायण सिंह द्वारा सभी वरिष्ठ नेताओं, अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी एवं जिला कांग्रेस सेवादल (ग्रामीण) अध्यक्ष शिव नामदेव ने संयुक्त रूप से बताया कि सुबह 10 बजे पूरे विधि-विधान और सेवादल के कड़े नियमों के अनुसार ध्वज वंदन किया गया। सफेद वेशभूषा और पारंपरिक टोपी पहने अनुशासित कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के बीच राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

### शीर्ष नेताओं ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का हौसला

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव ने सेवादल की समयबद्धता की तारीफ की और कहा कि सेवादल कांग्रेस की सबसे अनुशासित और मजबूत रीढ़ है। वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं के जोश को देखकर कहा कि शहरी और ग्रामीण कार्यकर्ताओं का यह अनूठा संगम आने वाले समय में पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। शहर अध्यक्ष सतीश तिवारी और ग्रामीण अध्यक्ष शिव नामदेव ने कहा कि आज की यह ऐतिहासिक उपस्थिति दर्शाती है कि सेवादल का हर सिपाही पूरी निष्ठा से देश और संगठन के लिए समर्पित है।

### नि:स्वार्थ जनसेवा और संगठन विस्तार का लिया संकल्प

कार्यक्रम की शुरुआत सेवादल के पारंपरिक राष्ट्रगीत, वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ हुई। भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के जोश से पूरा कटंगी क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर महिला सेवादल की पदाधिकारी, युवा विंग और वरिष्ठ कांग्रेस नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नि:स्वार्थ जनसेवा और संगठन विस्तार का सामूहिक संकल्प लिया।

# चीतल को केला खिलाने पर एक्शन, गाड़ी नम्बर से मालिक की तलाश में जुटा प्रबंधन

**बांधवगढ़ में वन्यजीव से छेड़छाड़ पर होगी कार्रवाई**

**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में उमरिया-ताला मार्ग पर एक कार सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े चीतल को केला खिला दिया। इस घटना का वीडियो सोशल होने के बाद पार्क प्रबंधन अलर्ट हो गया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

यह घटना शनिवार को हुई।




एक कार में सवार युवक ने सड़क किनारे घूम रहे चीतल को देखा और उसे पास बुलाकर केला खिलाने लगा। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों और प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक को ऐसा करने से मना भी किया और वन्यजीव नियमों का हवाला दिया, लेकिन वह नहीं माना। इसी बीच किसी ने इस पूरी हरकत का वीडियो बना लिया, जो बाद में वायरल हो गया।

### वाहन नंबर के आधार पर होगी कार्रवाई

मामला सामने आते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने तुरंत जांच के आदेश दे दिए हैं। बीटीआर के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की जा रही है। कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर उसके मालिक और वाहन में सवार युवक की जानकारी निकाली जा रही है।

**वन्यजीवों को खाना खिलाना नियमों का उल्लंघन**

क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने साफ तौर पर कहा कि आरोपी की पहचान होते ही उसके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि टाइगर रिजर्व या वन क्षेत्र में किसी भी वन्यजीव को बाहरी खाद्य पदार्थ खिलाना, उन्हें परेशान करना या उनसे संपर्क बनाने की कोशिश करना कानूनन अपराध और नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

# उमरिया में 133 मिमी कम बारिश, सूखे जैसे हालात

**धान की बुआई-रोपाई में देरी से किसान चिंतित**

**नवभारत उमरिया 28 जून।** उमरिया जिले में पर्याप्त केवल 29.99 मिलीमीटर रहा है। कम बारिश के बारिश न होने से किसान चिंतित हैं। खरीफ सीजन कारण तापमान में वृद्धि और उमस का प्रभाव भी के कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं, खासकर धान की बुआई और रोपाई में देरी हो रही है।



आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जिले में अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 133.02 मिलीमीटर कम बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 2.7 मिलीमीटर वर्षा हुई। क्षेत्रवार, बांधवगढ़ में 4.5 मिमी, मानपुर में 2.6 मिमी, पाली में 1.6 मिमी, चंदिया में 3.9 मिमी, करकेली में 2.6 मिमी और बिलासपुर में 3.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि नौरोजाबाद में कोई वर्षा नहीं हुई। पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 163.01 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। किसान जितेंद्र ने बताया कि बारिश की कमी से धान की बुआई और रोपाई का काम पिछड़ रहा है।



# पनपथा बफर में घायल अवस्था में मिला बाघ

**इलाज कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा, निगरानी जारी**

**चिल्हारी नवभारत 28 जून।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र के बिरुहली बीट मे एक बाघ घायल अवस्था मे मिला। घायल मिले करीब तीन वर्षीय नर बाघ का रविवार को सफल इलाज किया गया। पार्क प्रबंधन की टीम ने इलाज के बाद बाघ को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया है। वन विभाग की टीम हाथियों और गश्ती दल की मदद से उसकी लगातार निगरानी कर रही है।बताया जाता है कि गश्ती दल को बाघ के एक पैर में चोट लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही क्षेत्र संचालक,वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स और वन अमले द्वारा बाघ की ट्रैकिंग शुरू कर बाघ का पता लगाया गया।

इसके बाद वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी ने उसे ट्रैंकुलाइज कर इलाज किया। इस दौरान बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जांच के लिए ब्लड सैंपल भी लिया। उपचार पूरा होने के बाद बाघ को उसी वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वन अमले द्वारा हाथियों की मदद से लगातार निगरानी की जा रही है।

**उदासीनता** कमीशन का खेल या मरीजों की सेहत से खिलवाड़, जांच के घेरे में पूरा सिस्टम

# उमरिया में 22 पैथोलॉजी बिना पंजीयन हो रहीं संचालित

**नवभारत उमरिया 28 जून।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 33 पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 11 पैथोलॉजी का ही वैध पंजीयन है यानी करीब 22 पैथोलॉजी बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होने का दावा किया जा रहा है।



यदि यह तथ्य सही है तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि मरीजों की जान और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला है। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है कि बिना पंजीयन किसी भी पैथोलॉजी का संचालन नहीं होने दिया जाए। इसके बावजूद जिले में बड़ी संख्या में लैब खुलकर काम कर रही हैं।

### क्या स्वास्थ्य विभाग ने आंखें मूंद ली हैं?

सवाल यह है कि जब इन संस्थानों का पंजीयन ही नहीं है तो आखिर इनके संचालन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्या विभाग को इसकी जानकारी नहीं है या फिर सब कुछ जानते हुए भी आंखें मूंद ली गई हैं।

### लैब को जरूरी सामग्री विभागीय कर्मी उपलब्ध कराते हैं

मामले को और गंभीर बनाने वाला आरोप यह है कि कुछ अस्पतालों से पैथोलॉजी लैब को आवश्यक सामग्री भी विभागीय कर्मचारियों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। यदि यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल अनियमितता नहीं, बल्कि सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का भी मामला बन सकता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### गलत रिपोर्ट आने की संभावना

विशेषज्ञों का कहना है कि पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर ही डॉक्टर मरीज का इलाज तय करते हैं, यदि जांच किसी ऐसे संस्थान में हो रही है जो निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता, तो गलत रिपोर्ट आने की संभावना बढ़ जाती है। इसका सीधा असर मरीज के उपचार पर पड़ सकता है और कई बार गंभीर परिणाम भी सामने आ सकते हैं।

**कई पैथोलॉजी जांच के नाम पर कर रही कारोबार**

चर्चा यह भी है कि जिले में कई पैथोलॉजी केवल जांच के नाम पर कारोबार कर रही हैं। मरीजों को विभिन्न अस्पतालों और क्लीनिकों से जांच के लिए भेजा जाता है। सूत्रों का दावा है कि इस पूरे नेटवर्क में कमीशन का खेल भी चल रहा है। जांच के लिए मरीज जितने अधिक भेजे जाते हैं, उतना ही आर्थिक लाभ जुड़े लोगों को मिलता है। यही वजह है कि नियमों की अनदेखी कर कई अवैध पैथोलॉजी भी बेखौफ तरीके से संचालित हो रही हैं।

### सभी पैथोलॉजी लैब का भौतिक सत्यापन कराया जाए

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जिले की सभी पैथोलॉजी लैब का भौतिक सत्यापन कराया जाए, उनके पंजीयन, उपकरणों, योग्य तकनीशियनों और गुणवत्ता मानकों की जांच की जाए। जो संस्थान नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना जरूरी है ताकि मरीजों के स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो।

### टीम गठित कर जांच की जाएगी : डॉ. चंदेल

इस पूरे मामले में जब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीएस चंदेल से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी, यदि जांच में कोई पैथोलॉजी बिना पंजीयन या नियमों के विरुद्ध संचालित पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।